स्वतंत्रता नदी पर दोस्त



ग्लोरिया

चित्र: गिज्सबर्टो

स्वतंत्रता नदी पर दोस्त

ग्लोरिया

चित्र: गिज्सबर्टो

यह 1850 की बात है और दिसंबर की बर्फीली हवा जल्द ही डेट्रॉइट नदी को जमा देगी और उसे नाव यातायात के लिए बंद कर देगी. तब यात्रा करना किसी के लिए भी खतरनाक होगा. जब उसके पिता उत्तर में थे तब युवा लुई अपनी माँ की आने वाली सर्दियों की तैयार में मदद कर रहा था. युवा लुई घर का "आदमी" बनने के लिए दृढ़ था. लुई को पिता के शब्द याद थे "अगर तुम्हें नहीं पता हो कि क्या करना है, तो बस वही करना जो तुम्हें लगता है कि मैंने किया होता."

जब भागे हुए गुलाम अपनी स्वतंत्रता के लिए लुई से उन्हें कनाडा में नदी के उस पार नाव में ले जाने की मदद मांगते हैं, तो लुई को समझ नहीं आता है कि वो क्या करे. इस ठंड के मौसम में रात में नदी की यात्रा करना घातक हो सकता था, और यदि उनमें से कोई भी पकड़ा जाता, तो फिर लुई को जेल होती और युवा मां और उसके बच्चों को फिर गुलामी में वापिस जाना होता. इस स्थिति में लुई के पिता क्या करते?

लेखक का नोट

एक अनुमान के अनुसार 40,000 दासों ने, मिशिगन में अंडरग्राउंड-रेलवे की यात्रा की. कई दासों के लिए स्वतंत्रता की राह, डेट्रॉइट और डेट्रॉइट नदी के पार कनाडा तक जाती थी.

उन खतरनाक यात्राओं को मनाने के लिए डेट्रॉइट के हार्ट प्लाजा रिवरफ्रंट प्रोमेनेड पर "गेटवे टू फ्रीडम" स्मारक खड़ा है. 12 फुट के कांस्य स्मारक में कनाडा के ओंटारियो के विंडसर में, डेट्रायट नदी के पार आठ गुलामों को दर्शाया गया है.

विंडसर एस्प्लेनेड पर डेट्रॉइट नदी के उस पार, 22 फुट का "टॉवर ऑफ़ फ्रीडम" स्मारक,"फ्लेम ऑफ़ फ्रीडम" के साथ अंडरग्राउंड-रेलवे के कनाडा के गौरवपूर्ण हिस्से का जश्न मनाता है.



लुई ने मल्लार्ड बत्तखों को ऊपर उठते हुए देखा. जल्द ही बर्फ, डेट्रॉइट नदी को जमा देगी. इसलिए उसने मछली पकड़ने वाली नाव को बर्फ से बचाने के लिए पलट दिया. उसने वही किया जो उसके पिता हमेशा करते थे. उसके पिता सर्दियों में, लकड़ी काटने के कैंप में काम करने के लिए दूर उत्तर की ओर चले गए थे.

पिता ने जाने से पहले, लुई से कहा था, "बेटा, तुम ही अब खेत की देखभाल करोगे. अगर तुम्हें कभी यह समझ में नहीं आए कि क्या करना है, तो बस वही करना जो तुम्हें लगता है कि मैंने किया होता."



दिसंबर की बर्फीली हवा ने मजनू (विलो) की शाखाओं को हिला दिया और नाशपाती के पेड़ों के पत्ते छीन लिए. लुई के दादा-दादी जब फ्रांस से अमेरिका आए थे तो वे नाशपाती के पेड़ अपने साथ लाए थे. डेट्रॉइट में स्टीमबोट और स्कूनर सर्दियों में समुद्र की ओर जा रहे थे.



तभी अल्डर की झाड़ियों में कुछ सरसराहट हुई. लुई को लगा कि वहां कोई, हिरण या लोमड़ी होगी.

तभी एक आवाज फुसफुसाई, "क्या तुम दोस्त हो?"

लुई इतना चौंक गया कि उसने नाव को गिरा दिया. उन शब्दों का केवल एक ही अर्थ था: भगोड़े गुलाम.

लुई ने उन शब्दों के साथ उत्तर दिया जो उसके पिता ने उसे बहुत पहले सिखाए थे, वे शब्द जो गुलामों के लिए एक संकेत थे कि उन्हें उनके दोस्त मिल गए थे.

"आपकी क्या इच्छा है?"

"स्वतंत्रता."

"क्या आपको विश्वास है?"

"मेरी उम्मीद अभी बाकी है."

तभी फटे शाल में लिपटी एक काली औरत झाड़ियों में से बाहर निकली. एक छोटी लड़की उससे कलेजे से चिपकी हुई थी. उसके पास एक लड़का खड़ा था, जो लुई की ही उम्र, 12 या 13 साल का होगा.

"भगवान तुम्हारा भला करे," महिला ने कहा. "मैं सारा हूं, यह मेरी लड़की लुसी है, और वो मेरा लड़का टायलर है. उन्होंने हमें डेट्रॉइट के बैपटिस्ट चर्च में बताया गया था कि आपके डैडी हमारी मदद करेंगे. कैंटकी के गुलाम पकड़ने वाले खूनी सिपाही हमारी तलाश में हैं. हमें इस नदी को जल्दी से पार करके कनाडा पहुंचना है जहां पर हम जैसे गुलाम हमेशा के लिए स्वतंत्र होंगे."

लुई जानता था कि इस तरह रात में, नदी पार करने की उसकी कोशिश से, उसकी माँ कितनी परेशान होंगी. उसकी माँ ने उसके पिता से नदी के उस पार गुलामों को न ले जाने की भीख माँगी थी. माँ ने चेतावनी दी थी, "नए भगोड़े दास कानून के अनुसार गुलामों को भागने में मदद करने वाले किसी भी व्यक्ति को जेल की सजा मिलना पक्का था."

पर उसके पिता ने बार-बार वो खतरा मोल लिया था, "मैं किसी आत्मा को गुलामी में वापस जाते हुए कैसे देख सकता हूँ?"

"मेरे पिता यहाँ नहीं हैं," लुई ने कहा. "नदी पर बर्फ जमी है और हवा बहुत तेज है. यहाँ से वहां तक, तीन घंटे का कठिन सफर है."

"पानी बहुत ठंडा नहीं है और कोई भी हवा हमारे लिए बहुत तेज नहीं है, बच्चे," सारा ने लुई से कहा.

"हम पहले ही दो नदियों को पार कर चुके हैं, लेकिन डेट्रॉइट नदी, हमारे लिए स्वतंत्रता की नदी है. यह हमारा आखिरी मौका है. हमारे मालिक ने इन बच्चों के पिता को बेच दिया है. उन्होंने टायलर को इस तरह बेचा जैसे वो कोई घोड़ा या गाय हो. यदि तुम हमें उस पार नहीं ले जाओगे, तो हम नदी में कूदकर मर जाएंगे."



लड़का, लुई पर चिल्ला रहा था. "मुझे यकीन है कि मैं उस नाव को नदी के उस पार ले जा सकता हूँ," उसने कहा.

लड़के की चुनौती ने लुई को चौंका दिया. "नहीं, तुम वो नहीं कर सकते हो," लुई ने कहा. "क्योंकि तुम्हें नदी की धाराओं और भवरों का पता नहीं है."

महिला कांप रही थी. बच्ची बिना आवाज किए रो रही थी. लुई ने सोचा, उसने इस तरह से रोना सीखना होगा, ताकि कोई उसकी आवाज़ न सुन सके.

लुई जानता था कि उसके पिता क्या करते.

"यहाँ रुको," उसने कहा.

फार्महाउस में रसोई की गर्मी, लुई के चारों ओर एक गर्म कोट की तरह लिपटी हुई थी. एक केतली चमकते अंगारों के ऊपर लटकी थी. उसने अपने पसंदीदा मछली के शोरबे की सुगंध को सूंघा. खुद लुई ने वो सफेद मछली पकड़ी थी.

"रात का खाना तैयार है, लुई," उसकी माँ ने कहा.

"मैं एक मिनट में नाव का काम निबटा दूंगा, माँ. मुझे बस अपना मफलर लेना है."

लुई ने अपने बेडरूम में खिड़की खोली और फिर अपने बिस्तर से एक स्वेटर और एक जैकेट के साथ एक रजाई बाहर फेंक दी.

फिर वो रसोई में लौट आया.

अपनी बुलंद आवाज़ में गाते हुए, लुई ने अपनी माँ के साथ-साथ मेज के चारों ओर एक नृत्य किया.

जब माँ हंस रही थीं और नृत्य से उन्हें चक्कर आ रहे थे, तो उसने कुछ चॉकलेट ली जिसे माँ ने ठंडा करने के लिए रखा था.



दरवाजे पर वो माँ की ओर मुड़ा. "चिंता मत करना माँ, अगर मुझे थोड़ी देर लगे. अंधेरा, सिर्फ दिन के उजाले को अंदर-बाहर करता है."

माँ उस पर मुस्कुराईं, "तुम्हारे पिता भी हमेशा बस यही कहते थे."

लुई ने सारा और उसके बच्चों को गर्म कपड़े, रजाई और चॉकलेट दी. ऐसा लग रहा था जैसे लड़का वो जैकेट नहीं पहनेगा, लेकिन उसने पहनी.

"उसकी बात का बुरा मत मानना लड़के, वो ज़रा जिद्दी है," सारा ने कहा. "मैं उसे समझाती हूं कि गोरे लोग भी अच्छे होते हैं. उनमें से कईयों ने रास्ते में हमारी मदद की है."

दोनों लड़कों ने मिलकर बर्फ की पतली परत को तोड़ते हुए नाव को पानी में धकेला. उन्होंने नाव को तब स्थिर रखा जब सारा और लुसी नाव में अंदर चढ़े.

"क्या तुम्हें नाव चलानी आती है?" लुई ने टायलर से पूछा.

"हाँ. मैंने मास्टर हार्मन के लिए नाव चलाता था जब वो मछली पकड़ने जाते थे. मैंने उन्हें पूरी झील में घुमाता था."



लुई और टायलर ने चप्पुओं को उनके खांचों में रखा. एक तेज धारा ने नाव को आगे की ओर धक्का दिया. नदी, जो दिन में लुई की पक्की दोस्त थी रात में उसके लिए एक खतरनाक अजनबी बन गई थी.

लुई ने कहा, "धारा से लड़ने के लिए, हमें ऊपर की ओर पैडल मारना पड़ेगा." बर्फीली हवा ने उनके चेहरे को डंक की तरह मारा. फार्महाउस की रोशनी अब फीकी पड़ गई थी.

"आप यहाँ कैसे पहुँचे?" लुई ने सारा से पूछा.

"हमने ओहियो नदी पार की और अंडरग्राउंड-रेलवे के ज़रिये एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन पर गए."

"हमने ध्रुव-तारे (नॉर्थ-स्टार) का पीछा किया," लुसी ने कहा.

टायलर ने कहा, "मालिक ने बड़े कुत्तों को हमारे पीछे हमें सूँघते और गुर्राते हुए भेजा."

सारा ने कहा, "ऐसे कई दयालु लोग थे जिन्होंने हमें रहने की जगह दी, खाना खिलाया और हमें प्रेम से विदा किया."

पतली बर्फ में से जाते हुए नाव कांपने लगी. दिन में लुई के आसपास समुद्री चीलें और अन्य मछुआरे होते थे जो उसका मन बहलाते थे, लेकिन सर्दियों की रात में लुई को ऐसा लग रहा था कि वे सिर्फ चार ही लोग ही पृथ्वी पर बचे थे. लुई के दांत किटकिटा रहे थे और उसकी उंगलियां सुन्न हो गई थीं. सारा ने लुसी को हवा से बचाने के लिए अपने सीने से लगाकर रखा था.

फार्महाउस की रोशनी बहुत पहले गायब हो गई थी लेकिन अब एक और रोशनी नदी पर लहरा रही थी. वो एक गश्ती नाव की लालटेन थी. लुई को लगा जैसे उसने बर्फ का एक टुकड़ा निगल लिया हो. यदि किसी ने उन्हें खोज निकाला तो लुई को जेल भेज दिया जाएगा. सारा और उसके बच्चों को वापस गुलामी में भेज दिया जाएगा.

"चप्पू चलाना बंद करो," लुई ने टायलर के कान में फुसफुसाया. "हमें बिल्कुल चुप रहना चाहिए."

जैसे ही उन्होंने नाव चलाना बंद किया, उनकी नाव कनाडा से दूर जाने लगी. गश्ती नाव के बहते समय वे उसपर सवार आदमियों की आवाजें सुन सकते थे. गश्ती नाव से उठने वाली लहरें उनकी नाव से टकराईं, लेकिन नाव की लालटेन उन्हें पकड़ नहीं पाई.

जब गश्ती नाव की आवाज सुनाई नहीं दी तो लड़के फिर से चप्पू चलाने लगे. चप्पू चलाते-चलाते उनके हाथ दर्द करने लगे थे.

टायलर भी लुई की तरह ही चिंतित था. चुप्पी तोड़ने के लिए उसने पूछा, "इस नदी में आप किस प्रकार की मछलियां पकड़ते हैं?"

"व्हाइटफिश, हेरिंग, पर्च, स्टर्जन. मेरे पापा ने एक स्टर्जन पकड़ी थी जिसका वजन 80 पाउंड था!"

"वो वाकई एक बड़ी मछली होगी. आपको उसे पकड़ने के लिए खुद बहुत ताकतवर होना होगा. आपको कैटफ़िश पकड़ने के लिए स्मार्ट होना होगा."

सारा ने गाना शुरू किया और बच्चे भी उसके साथ-साथ गाने लगे.

हे यीशू, मेरे प्रभु, मुझे डूबने से बचाओ
मैं आपको बताता हूं कि मेरा मतलब क्या है
मुझे डूबने से बचाओ
कभी मैं ऊपर हूँ, कभी मैं नीचे हूँ
मुझे डूबने से बचाओ
कभी-कभी मैं लगभग जमीन पर होता हूं
मुझे डूबने से बचाओ
कभी मैं ऊपर देखता हूं और मैं क्या देखता हूं?
मैं स्वर्गदूतों को मुझे पुकारते हुए देखता हूँ
मुझे डूबने से बचाओ!

एक मिनट के बाद लुई भी वो गीत गाने लगा. हवा ने उनके शब्दों को वापस उछाला और उनके पास वापस भेजा.

हवा उनके खिलाफ थी और बर्फ की परत मोटी हो रही थी. वो अगर एक कदम आगे बढ़ते तो ऐसा लगता था जैसे नाव दो कदम पीछे काले पानी में फिसल रही हो. लुई ने इतना ठंडा कभी पहले नहीं महसूस किया था.

लुई चाहता था कि वो अपने पिता से पूछ सके कि क्या उसने अपनी जान जोखिम में डालकर सही काम किया था.

उन सभी ने एक ही समय में प्रकाश को देखा.

"वो एक और गश्ती नाव?" टायलर फुसफुसाया.

लेकिन रोशनी जस की तस रही.

"वो कनाडा है!" लुई चिल्लाया.

उन्होंने और टायलर ने चप्पुओं को खींचा. वे बाहर कूदे और उन्होंने नाव को किनारे पर खींच लिया.

लुई ने पास के एक फार्महाउस का दरवाजा खटखटाया. उन्होंने अपनी सांस रोके रखी. क्या होगा अगर उन्हें अंदर आने नहीं दिया गया?

एक पुरुष और महिला ने उन्हें घर के अंदर ले लिया. आग में गर्म होने के बाद उन्होंने खाना खाया. फिर उन्होंने लुई से रहने का आग्रह किया.

"तुम आज रात वापस नहीं जा सकते," आदमी ने कहा.

"मुझे जाना ही होगा. माँ को पता चल जाएगा कि नाव गायब है. अगर मैं वापस नहीं गया, तो वो सोचेंगी कि मैं निश्चित रूप से डूब गया होऊंगा."

सारा ने लुई को अपनी बाहों में लपेटा. लुसी ने उसके पैर पकड़े. दोनों लड़कों ने हाथ मिलाया. "मैं इस गर्मी में आऊंगा और फिर हम मछलियां पकड़ेंगे," लुई ने वादा किया.

फिर लुई ने उन्हें उनकी नई स्वतंत्रता के लिए छोड़ दिया.

ठंडी हवा ने उसके चेहरे को जकड़ लिया. बार-बार लुई को अपने चप्पू से बर्फ तोड़नी पड़ी. उसके हाथ इतने ठंडे थे कि वह मुश्किल से ही चप्पुओं को पकड़ पा रहा था. पर नाव अब हल्की थी और उसे चलाना आसान था. जब आप अकेले होते हैं तो डरना भी बहुत आसान होता है. लुई की इच्छा थी कि काश टायलर भी वहां मौजूद होता.

खुद को साथ देने के लिए लुई ने गाना शुरू किया, "मुझे डूबने से बचाओ? वह लगभग सारा और उसके बच्चों को गाने में शामिल होते हुए सुन सकता था.

दूर तट पर एक प्रकाश ने अंधेरे को तोड़ा. इस बार वो अपना नाम हवा में सुन पाया. उसने बर्फ को एक तरफ धकेलते हुए चप्पुओं से पानी को खोदा.



माँ किनारे पर उसका इंतज़ार कर रही थीं. माँ ने उसे अपनी बाहों में जकड़ लिया.

लुई ने माँ को, सारा और लुसी और टायलर के बारे में बताया.

"जब पापा वापस आएंगे," लुई ने कहा, "मैं उनसे कहूंगा, 'पापा, मैंने वही किया जो मैंने सोचा था कि आप करते.'"

समाप्त